26/06/2026 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 7.10 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल से सेशेल्स के तीन दिवसीय राजकीय दौरे पर रहेंगे।
- केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज मादक पदार्थों के खिलाफ एकजुट होकर युद्ध छेड़ने का आह्वान किया।
- मुख्यमंत्री ने आज आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले वरिष्ठ सेनानियों को सम्मानित किया।
- मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के कई जिलों में बारिश, गरज–चमक और तेज हवाओं का अलर्ट जारी किया है।

प्रधानमंत्री– सेशेल्स दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल से सेशेल्स के तीन दिवसीय राजकीय दौरे पर रहेंगे। वे सेशेल्स के राष्ट्रीय दिवस के स्वर्ण जयंती समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारतीय रक्षा बलों का एक दल, भारतीय नौसेना के दो जहाजों के साथ, समारोह में भाग लेगा। इस यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी से बातचीत करेंगे और द्विपक्षीय सहयोग के सभी पहलुओं की समीक्षा करेंगे।

नशा मुक्त भारत अभियान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान जनभागीदारी से प्रेरित एक जन आंदोलन बन गया है। श्री मोदी ने सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री बी एल वर्मा के नशा मुक्त भारत के निर्माण के महत्व पर लिखे एक लेख को साझा करते हुए यह बात कहीं। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने प्रत्येक नागरिक से नशा मुक्त भारत और विकसित भारत के निर्माण के अभियान में शामिल होने का आह्वान किया।

शाह– एनसीओआरडी बैठक

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज मादक पदार्थों के खिलाफ एकजुट होकर युद्ध छेड़ने का आह्वान किया। नई दिल्ली में नार्को–कोऑर्डिनेशन सेंटर की 10वीं शीर्ष स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सूचना सही समय पर साझा करने से सरकार को मामलों की प्रभावी निगरानी और आवश्यक परामर्श देने में मदद मिलेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि मादक पदार्थों और इससे संबंधित तस्करी नेटवर्क के विरूद्ध अभियान को सशस्त करने के लिए बेहतर समन्वय और तकनीक का प्रयोग आवश्यक है।

अंतर्राष्ट्रीय नशामुक्ति दिवस

प्रदेशभर में आज अंतर्राष्ट्रीय नशामुक्ति दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। शैक्षणिक संस्थानों में विभिन्न प्रतियोगिताओं के जरिए छात्र–छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने संदेश में कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस हमें जागरूक करता है कि नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सजग करते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण में योगदान दें और स्वस्थ, सुरक्षित एवं सशक्त राष्ट्र के संकल्प को साकार करने में अपनी भागीदारी निभाएं।

सेनानी सम्मेलन

राजधानी भोपाल के रवीन्द्र भवन में आज लोकतंत्र सेनानी सम्मेलन का आयोजन किया गया। आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले मीसाबंदियों के अखिल भारतीय संगठन लोकतंत्र सेनानी संघ, मध्य प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित इस सम्मेलन में प्रदेशभर से करीब दो हजार लोकतंत्र सेनानी एवं उनके परिजन शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले वरिष्ठ सेनानियों का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने लोकतंत्र सेनानियों के लिये कई घोषणाएं की।

प्रधानमंत्री – मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 135वां एपिसोड होगा। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी चौनलों, एआईआर न्यूज की वेबसाइट और न्यूजऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। साथ ही, एआईआर न्यूज, डीडी न्यूज, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चौनलों पर इसका सीधा प्रसारण भी होगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण करेगी।

सरकार – जन विश्वास स्वास्थ्य

केंद्र सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र में जन विश्वास अधिनियम के अंतर्गत सुधार किए हैं। इसके तहत औषधि और सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम 1940 और खाद्य सुरक्षा तथा मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत आने वाले छोटे अपराधों को तर्कसंगत बनाया गया है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने कहा कि इन सुधारों का उद्देश्य जन स्वास्थ्य और उपभोक्ता सुरक्षा के लिए कड़े सुरक्षा उपायों को बनाए रखते हुए व्यापार करने में सुगमता को बढ़ावा देना है।

मुहर्रम

आज मुहर्रम है। यह दिन पैगंबर मुहम्मद के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद दिलाता है, जिन्होंने कर्बला में सत्य और न्याय की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। शहीदों की याद में आज ताजिया निकाले जा रहे हैं।

भोपाल में हजरत इमाम हुसैन की शहादत को लेकर मुहर्रम पर्व अकीदत और गमी माहौल में मनाया गया। शिया समुदाय ने शहर में मातमी जुलूस निकाला, वहीं सुन्नी समुदाय की ओर से रोजा रखकर घरों में इबादत की गई। नर्मदापुरम में विभिन्न स्थानों से ताजियों और सवारियों का जुलूस निकाला गया।

मौसम

प्रदेश में दक्षिण–पश्चिम मानसून तेजी से आगे बढ़ रहा है। अगले दो दिनों में इसके भोपाल और उज्जैन संभाग तक पहुंचने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में प्री–मानसून और मानसूनी गतिविधियां तेज हो गई हैं। विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के 45 जिलों में बारिश, गरज–चमक और तेज हवाओं का अलर्ट जारी किया है। आगर–मालवा और सीहोर में 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने और तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। वहीं भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभागों के कई जिलों में हल्की से भारी बारिश की संभावना जताई गई है।

संक्षिप्त समाचार

- छिंदवाड़ा सांसद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में पेयजल, स्वास्थ्य, सिंचाई और ग्रामीण सड़क परियोजनाओं की समीक्षा की गई।

- सीहोर जिले के आष्टा स्थित देवांचल धाम देवबड़ला बिलपान में प्रदेश का पुरातत्व विभाग जल्द ही रुके हुए विकास कार्यों को दोबारा शुरू करने जा रहा है।

- शहडोल और झाबुआ जिलों में साइबर ठगी से बचाने के लिए और डिजिटल व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए सेफ क्लिक 2.0 साइबर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।

- शिवपुरी जिले में कलेक्टर अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैंकर्स सलाहकार समिति की बैठक आयोजित हुई।

- कटनी के विजयराघवगढ़ वन्य क्षेत्र में 14 वन्यजीव एक साथ मृत पाए गए हैं. जिसमें 12 चीतल और 2 सांभर हैं. मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है.

- आगरमालवा जिले में कल आयोजित हुए शिविर में पुलिस अधीक्षक ने आमजनों को ऑनलाइन ठगी, डिजिटल अरेस्ट, फर्जी लिंक एवं सोशल मीडिया हैकिंग से बचने के प्रभावी उपाय बताये।

---